1. किस वैज्ञानिक ने Streptococcus pneumoniae में ट्रांसफॉर्मिंग सिद्धांत की खोज की थी?
   A. हर्शे और चेस
   B. ग्रिफिथ
   C. वॉटसन और क्रिक
   D. मेसेलसन और स्टॉल (B)

व्याख्या : ग्रिफिथ ने 1928 में यह दिखाया कि जीवाणुओं में आनुवंशिक तत्व स्थानांतरित हो सकता है।

2. निम्न में से कौन-सा न्यूक्लियोटाइड का भाग नहीं है?
   A. शर्करा (Sugar)
   B. फॉस्फेट
   C. नाइट्रोजन क्षार
   D. अमीनो अम्ल (D)

व्याख्या : अमीनो अम्ल प्रोटीन के घटक होते हैं, न्यूक्लियोटाइड के नहीं।

3. डीएनए में कितने प्रकार के नाइट्रोजन क्षार होते हैं?
   A. 2
   B. 3
   C. 4
   D. 5 (C)

व्याख्या : डीएनए में चार क्षार होते हैं: एडेनिन, ग्वानिन, साइटोसिन, थाइमिन।

4. आरएनए में थाइमिन के स्थान पर कौन-सा क्षार होता है?
   A. साइटोसिन
   B. एडेनिन
   C. यूरेसिल
   D. ग्वानिन (C)

व्याख्या : थाइमिन की जगह यूरेसिल आरएनए में होता है।

5. डीएनए प्रतिकृति के समय हेलिकेज एंजाइम क्या करता है?
   A. नया स्ट्रैंड बनाता है
   B. प्राइमर जोड़ता है
   C. डीएनए खोलता है
   D. ओकाजाकी खंड जोड़ता है (C)

व्याख्या : डीएनए हेलिकेज दोहरे कुण्डलन को खोलता है जिससे प्रतिकृति संभव होती है।

6. हर्शे और चेस ने डीएनए को लेबल करने के लिए कौन-सा समस्थानिक प्रयोग किया?
   A. सल्फर-35 B. कार्बन-14
   C. नाइट्रोजन-15 D. फॉस्फोरस-32 (D)

व्याख्या : डीएनए में फॉस्फोरस होता है, इसलिए फॉस्फोरस-32 का प्रयोग किया गया।

7. ओकाजाकी खंडों को जोड़ने वाला एंजाइम कौन-सा है?
   A. डीएनए पॉलीमरेज़
   B. लाइगेज
   C. हेलिकेज
   D. प्राइमेज (B)

व्याख्या : डीएनए लाइगेज लेगिंग स्ट्रैंड पर ओकाजाकी खंडों को जोड़ता है।

8. कौन-सा आरएनए अमीनो अम्ल को राइबोसोम तक ले जाता है?
   A. मैसेंजर आरएनए
   B. ट्रांसफर आरएनए
   C. राइबोसोमल आरएनए
   D. स्मॉल न्यूक्लियर आरएनए (B)

व्याख्या : tRNA विशिष्ट अमीनो अम्लों को राइबोसोम तक लाता है।

9. कोडॉन क्या होता है?
   A. क्षार की जोड़ी
   B. शर्करा-फॉस्फेट बंध
   C. mRNA पर तीन क्षार का क्रम
   D. जीन का खंड (C)

व्याख्या : कोडॉन mRNA पर तीन न्यूक्लियोटाइड्स का क्रम होता है जो एक अमीनो अम्ल को निर्दिष्ट करता है।

10. डीएनए प्रतिकृति के अर्द्ध संरक्षी मॉडल का प्रस्ताव किसने दिया था?
    A. मेसेलसन और स्टॉल
    B. वॉटसन और क्रिक
    C. फ्रैंकलिन और विल्किंस
    D. बीडल और टैटम (B)

व्याख्या : वॉटसन और क्रिक ने अर्द्ध संरक्षी मॉडल प्रस्तावित किया जिसे बाद में मेसेलसन और स्टॉल ने सिद्ध किया।

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES